# चीन में विदेशी निवेश घटने से भारत को मिल रहा फायदा

- संयुक्त राष्ट्र ने 2024 में भारत की विकास दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया
- कहा- मजबूत सार्वजनिक निवेश और निजी खपत से प्रेरित है भारत का आर्थिक प्रदर्शन

संयुक्त राष्ट्र, प्रेट्र: भारत का आर्थिक प्रदर्शन हाल के दिनों में बहुत मजबूत रहा है और यह पश्चिमी देशों की कई कंपनियों के लिए वैकल्पिक निवेश गंतव्य बन गया है। चीन को कम विदेशी निवेश मिल रहा है और इसका फायदा भारत को मिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने यह बात कही है।

संयुक्त राष्ट्र की ओर से गुरुवार को जारी 2024 के मध्य तक वैश्विक आर्थिक स्थिति और संभावनाओं संबंधी रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वर्ष भारत की विकास दर 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है। इसी वर्ष जनवरी में संयुक्त राष्ट्र ने विकास दर 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। रिपोर्ट जारी करते समय भारतीय आर्थिक परिदृश्य पर राशिद ने कहा कि यहां महंगाई दर में काफी कमी आई है। इसका मतलब है कि राजकोषीय स्थिति अन्य देशों की तरह सीमित नहीं है और विकास को प्रोत्साहित करने के मामले में मौद्रिक और राजकोषीय पक्ष दोनों का समर्थन है।

रिपोर्ट में 2024 में वैश्विक विकास दर 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो जनवरी के अनुमान 2.4 प्रतिशत से ज्यादा है।